बर्षः- 05
अंकः- 321
मुरादाबाद
(Tuesday)
17 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मुख्यमंत्री योगी ने पूरी की बच्चे की मुराद, सेल्फी लेकर जीत लिया दिल



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान के जालौर में थे तभी एक बच्चा लगातार उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। मुख्यमंत्री ने उसकी इच्छा पूरी कर दी ।राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी ।दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में थे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा ।मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए। अतिथियों ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। अंत में मुख्यमंत्री ने स्कूल के शिक्षकों, बच्चों, कलाकारों आदि के साथ फोटो खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी प्रदान की।

## बिहार में तेजस्वी यादव की फिर हार, कांग्रेस का साथ बेकार



14 नवंबर 2025 मंगलवार था। 16 मार्च 2026 सोमवार है। दिन अलग है। परिणाम एक। अंतराल 120 दिन करीब। कुछ बदला नहीं तेजस्वी यादव के लिए। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हारे। राज्यसभा चुनाव भी। संकेत सोचने को मजबूर कर रहा ।बिहार में विपक्ष को अब सोचना ही पड़ेगा। खासकर, तेजस्वी यादव और कांग्रेस को। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम में साफ दिख गया कि राजद-कांग्रेस के साथ होने का कोई फायदा नहीं है। अब राज्यसभा चुनाव 2026 के परिणाम से यह साफ हो रहा है कि कांग्रेस को साथ रखने पर राजद को विचारना ही पड़ेगा। तेजस्वी यादव ने पांच में से राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए वह भी कर दिया, जो विधानसभा में नहीं किया था- ढ्ढस्ढ्ढरूको साथ लाना। फिर भी, हार का सिलसिला नहीं थमा। एक सीट तेजस्वी जीत जाते तो उनके लिए बड़ी जीत होती, लेकिन अपने एक और कांग्रेस के तीन विधायकों ने उनके वजूद पर सवाल खड़ा कर दिया है ।अपने एक विधायक पर काबू नहीं रख पाए तेजस्वी- चुनाव में धन-बल का %प्रयोग% होगा, यह पहले ही कहा जा रहा था।

पांचवीं सीट पर जीत के लिए किसी भी पक्ष को %मैनेज% करना ही था। तेजस्वी यादव ने असदुदीन ओवैसी की पार्टी ढ्ढस्ढ्ढरू के पांच और मायावती की बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक को साथ कर लिया। इसके बाद उन्हें सिर्फ पहले से महागठबंधन में रहे अपने विधायकों को साथ रखना था। वह अपने एक विधायक पर काबू नहीं कर सके। इसके साथ ही कांग्रेस के तीन विधायक गायब रहे। मतलब, होटल में नजर के सामने रखने की पूरी योजना बेकार गई। नतीजा हार। जानिए, तेजस्वी यादव और एडी सिंह ने क्या कहा?- हार के बाद तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमारे चार विधायक वोट देने नहीं आए, यह बात पूरे बिहार को पता है कि वो लोग क्यों नहीं आए। संख्या कम होने के बावजूद हमलोगों ने अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धनतंत्र और मशीन तंत्र का उपयोग करती है। विधानसभा चुनाव में क्या हुआ था? इसे सबने देखा। आज तो भाजपा का धनतंत्र जीत गया लेकिन एक वक्त आएगा जब भाजपा का यह सब हथकंडा नहीं चल पाएगा। हमलोग हमेशा भाजपा के खिलाफ लड़ते रहेंगे। जब तब जीतेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं। वहीं राजद के उम्मीवार अमरेंद्र धारी सिंह ने कहा कि पूरी तरह से खरीद-फरोख्त की गई है। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। धनबल का गलत प्रयोग किया गया है। हार के बाद राजद विधायक ने क्या कहा? महागठबंधन की ओर से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा कि अब तो पूरा देश जान गया कि कौन धनबल का प्रयोग करता है? भाजपा ने धनबल का प्रयोग किया है। यह छल किया गया है। यह जनता का अपमान है। महागठबंधन के चार विधायकों के नहीं पहुंचने पर कुमार सर्वजीत ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वालों विधायकों ने जनता के साथ धोखा दिया है। उनके ऊपर जिंदगी भर एक्स एमएलए का टैग लग जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान से हमारी दोस्ती: जयशंकर बोले- भारतीय झंडे वाले जहाजों को निकालने के लिए कोई समझौता नहीं, पुराना सहयोग

पश्चिम एशिया के तनाव के बीच भारत ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से अपने जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय ध्वज लगे जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ ।पश्चिम एशिया में 17 दिन से जारी संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार को हिला कर रख दिया है। इसका बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर देखने को मिला, जिसके चलते दुनियाभर की तेल आपूर्तियों संकट के बादल तक दिखने लगे। कूटनीतिक कदम उठाया है। त ईरान के साथ सीधे और निर्णायक संवाद कर रहा है, जिससे भारतीय ध्वज के साथ जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो रहा है ।जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरानी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। इसके तहत अभी कई और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरना बाकी है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए भारत और ईरान के बीच कोई नया समझौता नहीं हुआ है। इस आवाजाही के लिए कोई समझौता नहीं- जयशंकर- इस दौरान जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया

## बिहार की सभी 5 सीटों पर एनडीए की जीत;एक पर ही थी लड़ाई, वह महागठबंधन ने गंवाई



बिहार विधानसभा चुनाव के चार महीने बाद हुए राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव में एनडीए ने जीत का परचम लहरा दिया है। पांच सीटों पर सोमवार को वोट पड़े। शाम में परिणाम की घोषणा से पहले ही एनडीए की जीत हो गई।

कैसे महागठबंधन ने यह लड़ाई गंवाई?बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं।

चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे। मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं ।तने वाले उम्मीदवारों में कौन कौन हैं? नीतीश कुमार-जदयू रामनाथ ठाकुर-जदयू नितिन नवीन-भाजपा शिवेश कुमार-भाजपा उपेंद्र कुशवाहा-रालोमो जानिए कहां हो गया खेला? राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया। दोनों गठबंधन ने अपने अपने विधायकों को एकजुट करना शुरू किया।

पहले तेजस्वी यादव ने विधायकों को एकजुट किया। तेजस्वी ढ्ढस्ढ्ढरू के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। बसपा के एकमात्र विधायक सतीष यादव ने महागठबंधन को समर्थन दिया। 15 मार्च को तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के सभी विधायकों को पटना के होटल में ठहरने को कहा। चार विधायकों को छोड़ सभी होटल में आए। 16 मार्च को कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। महागठबंधन को पांचवी सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों की जरूरत थी। और बसपा के दम पर तो महागठबंधन ने जीत का दावा कर दिया था लेकिन अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा ।हार के बाद राजद विधायक ने क्या कहा? महागठबंधन की ओर से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा कि अब तो पूरा देश जान गया कि कौन धनबल का प्रयोग करता है? भाजपा ने धनबल का प्रयोग किया है। यह छल किया गया है। यह जनता का अपमान है। महागठबंधन के चार विधायकों के नहीं पहुंचने पर कुमार सर्वजीत ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वालों विधायकों ने जनता के साथ धोखा दिया है। उनके ऊपर जिंदगी भर एक्स एमएलए का टैग लग जाएगा। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने क्या कहा? जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पूरे बिहार में एक बड़ा मैसेज फिर से गया है। एनडीए की प्रचंड जीत है। हमारे पांचों उम्मीदवारों की शानदार जीत है।

सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार को बदला है। आपदा के वक्त भी उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया। उनके पास काफी अनुभव है। विपक्ष के आरोपों पर संजय झा ने कहा कि आज अगर हमलोग 41 वोटों का ही बंटवारा करते थे तो भी शिवेश कुमार को 38 वोट और महागठबंधन के उम्मीदवार एडी सिंह को 37 वोट मिलता। विपक्ष के सारे आरोप बेबुनियाद है। सबकुछ पारदर्शी तरीके से हुआ है। जनता के सामने सारी बातें हैं। संजय झा ने कहा कि महागठबंधन को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं थी इसलिए सभी को होटल में रखा गया। कांग्रेस की कोई लीडरशीप नहीं है।

## चुनाव कार्यक्रम पर प्रियंका गांधी ने उठाए सवाल, कहा- क्या BJP की सुविधा देखकर तय हुई मतदान की तारीख?

विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद कांग्रेस ने चुनाव कार्यक्रम पर सवाल उठाए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मतदान की तारीखें और चरण ऐसे तय किए गए हैं जैसे भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखा गया हो। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी केरल में जल्दी चुनाव होने पर हैरानी जताई ।देश में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के बाद सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मतदान की तारीखें और चरणों का ढांचा ऐसा लगता है जैसे सत्तारूढ़ भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया हो। उनके इस बयान के बाद चुनाव कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक बहस और तेज हो गई है ।चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, तमिलनाडु, पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था। इसके तहत असम, केरल और पुदुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।



पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे। वहां 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा। सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे ।प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव की तारीखों और चरणों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह चुनाव की तारीखें तय की गई हैं और जिस तरीके से चरण बनाए गए हैं, उससे ऐसा लगता है कि यह सब भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगी ।केरल चुनाव को लेकर कांग्रेस क्यों है हैरान? कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी चुनाव कार्यक्रम पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि केरल में चुनाव की तारीख उम्मीद से काफी पहले घोषित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद थी कि अप्रैल के आखिरी दस दिनों में मतदान होगा, लेकिन 9 अप्रैल की तारीख ने सभी को चौंका दिया है। उनके अनुसार अब चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है और यह कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या नए उम्मीदवारों के लिए समय की कमी बड़ी चुनौती है? शशि थरूर ने कहा कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा यानी एलडीएफ ने कई मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने कई नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। ऐसे में नए उम्मीदवारों को मतदाताओं के बीच अपनी पहचान बनाने के लिए ज्यादा समय चाहिए था। लेकिन कम समय होने के कारण यह कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती बन गया है। प्रचार का समय और कम हो जाएगा? अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि चुनाव प्रचार के लिए समय बहुत कम मिला है।

## संपादकीय Editorial

### Between Statement and Reality

Union Petroleum Minister Hardeep Puri, in a statement in the Lok Sabha, attempted to reassure the nation that there is no shortage of crude oil, petrol-diesel, gas, kerosene, and aviation turbine fuel. Oil reserves are sufficient. We are importing crude oil from 40 countries. There is no need for panic or worry about domestic gas (LPG), as orders have been put in place to ensure the supply of gas cylinders within an average of two and a half days. CNG supply is at 100% capacity, and LNG cargoes are arriving daily. LPG production has been increased by 28%. The minister also mentioned hoarding and black marketing. Who will deal with this? Gas agency employees themselves are openly selling domestic gas cylinders for 2,500-3,000 rupees. Can they be curbed? The minister also said that this is not the time to spread fake narratives. Prime Minister Modi has made similar statements, but he is speaking at election rallies. The Prime Minister should either address the nation or speak in Parliament; the public doesn't trust the words of election rallies. Since the minister made a statement in Parliament, the country should believe him, but what is the reality that our eyes are seeing? People have started lining the streets. Crowds are thronging petrol pumps, and long queues are forming outside gas agencies. Cooking gas is missing, and there's uncertainty about when cylinders will be available. Will food be cooked in our homes? Why did oil companies increase the price of LPG cylinders by 60 rupees and commercial cylinders by 114.5 rupees? Why was this price hike made during wartime? Even more sensitive is the closure of the "Ram Rasoi" in Ayodhya, where an average of 20,000 to 30,000 people used to eat free food daily. However, alternatives are being explored. Prasadam is being prepared on induction stoves at the Siddhivinayak Temple in Mumbai. Prasadam has been discontinued at the Banashankari Temple in Bengaluru. The Delhi High Court kitchen has been shut down. Some packaged snacks and fruit chaat are being served. On some routes of the Shatabdi Express train, hot, fresh food was not available, but packaged food was served. Small restaurants are either on the verge of closure or have limited themselves to serving one or two meals. They are also burning diesel. Severe pollution…! 50% of Mumbai's hotels and restaurants are also considering closing. In Tamil Nadu, this figure is around 10,000. The economy is suffering a setback, and jobs are being lost. How will these losses be compensated? In fact, this is the average energy reality in India. Many examples are emerging, as even commercial gas is not available. India imports 60-66% of its gas. Now we will import 2.2 million tons of gas from the United States, but that gas will reach India after 45 days. Gulf countries have stopped supplies due to the war and have significantly reduced production. Iran has completely blocked the Strait of Hormuz and laid underwater mines. Iranian troops are attacking and destroying oil ships. An interesting fact has emerged: we can only store gas for two and a quarter days. For that, there are only two underground storage caverns in Visakhapatnam and Mangaluru. The country's population is over 1.47 billion, and only two gas storage caverns...! How dependent and incomplete we are! The Petroleum Minister has also assured that refineries are operating at full capacity, and therefore, 5 million LPG cylinders are being supplied daily. Hotels and restaurants have been advised to use alternative fuels. This will increase carbon emissions and lead to more pollution. What will India's response be? India is a member of the Paris Agreement and has to reduce emissions within a set timeframe. Regardless of what the minister says, the energy crisis in India is clearly visible.

# The war is turning into an economic disaster, threatening the world economy.

The US-Israeli attack on Iran has deepened the global energy crisis, sending oil and gas prices soaring. The blockage of the Strait of Hormuz has affected supplies, threatening the global economy. India is also affected, although Iran has allowed Indian ships through. The US attack on Iran, in collaboration with Israel, disregarding international law, is also illegal under US law. President Trump appears to have no solution to the global gas and oil crisis created by this war. He appears to have given no thought to how to address the disruptions to energy supplies from West Asia that will arise from the attack on Iran and its retaliatory actions. Iran is also attacking US military bases in Israel and Gulf countries and has blocked the Strait of Hormuz, which carries 20-30 percent of its oil and gas supplies. After closing the Strait of Hormuz and warning the world to be prepared to buy oil at up to $200 per barrel, Iran stated that ships passing through it must inform its navy. However, until the gas and oil supply through this route is uninterrupted, there can be no certainty of a solution to the energy crisis. Since Gulf countries supply oil and gas through the Strait of Hormuz, they are dependent on Iran's behavior. Naturally, countries like India and China are facing significant difficulties due to the blockage of the Strait of Hormuz, as they rely heavily on Gulf countries for their energy sources. It is a matter of relief that following talks between the Indian Prime Minister, the Iranian President, and the foreign ministers of both countries, Iran indicated that it would allow Indian ships to pass through the Strait of Hormuz. The Iranian Ambassador in New Delhi also expressed similar positive sentiments, calling India a friendly country, and two Indian ships were granted permission to pass through this Strait of Hormuz. However, it remains unclear whether all Indian ships will be able to continue to transit through the Strait of Hormuz without any problems in the future. As oil and gas production in the Gulf countries is affected and their supply disrupted, their prices have risen, posing a threat to the global economy. This is becoming a new economic disaster. Many Indian industries dependent on oil, gas, and fertilizers are also facing a crisis. Some are on the verge of closure or forced to reduce production. The disruption of oil and gas supplies from Gulf countries threatens to increase inflation and unemployment worldwide, including in India. The US President is directly responsible for this threat; in his stubbornness and arrogance, he launched an attack on Iran, in collaboration with Israel, without regard for the consequences. While the disruption of oil and gas supplies from Gulf countries has not yet led to a petrol and diesel crisis in the country, a shortage of cooking gas has begun to emerge. From street vendors to restaurants and hotels, and ordinary consumers are all experiencing a growing shortage. Although Petroleum Minister Hardeep Puri claims there is no shortage of oil and gas, hoarders and black marketers are contributing to the gas crisis. Profiteers are viewing this crisis as an opportunity. With the potential for a gas crisis, ordinary people are also worried. Consequently, long lines are visible in front of cooking gas agencies in many places. This is making people even more apprehensive. Opposition parties are further fueling these fears. Although the government has implemented the Essential Commodities Act to prevent gas hoarding and black marketing and formed a committee to monitor the situation, these steps are yet to yield positive results. This will not be seen until state governments take strict action against gas hoarding and black marketing. It is good that the government has decided to release additional kerosene to states under the Public Distribution System (PDS). Amid threats of further attacks on Iran, the US has lifted its objection to other countries, including India, purchasing oil from Russia. This reflects its helplessness. The Indian government is increasing oil purchases from Russia and also making efforts to purchase oil and gas from some other countries, but until these deals are finalized and the path to oil and gas supply is cleared, there can be no respite. India is also buying oil from Venezuela, where the US recently attacked and kidnapped its president. Venezuela undoubtedly has the largest oil reserves, but extracting them is difficult. Refining this oil is also not easy. Now, there is no doubt that just as the US attacked Venezuela in a thoughtless and arbitrary manner, so too did Iran. To alleviate the oil crisis, the International Energy Agency released 400 million barrels of oil from its emergency reserves into the market, but even so, oil prices have surpassed $100. Since Iran remains capable of retaliatory attacks, it is difficult to predict when the war will end. If this war continues for a long time and the supply of oil and gas from Gulf countries remains disrupted, the global energy crisis will deepen. The US will be the biggest culprit for this energy crisis. It does not seem capable of ending this war soon. It has spent billions of dollars, but there are no signs of an imminent end. The US thought that killing Ali Khamenei would lead to a regime change in Iran, but at present, nothing of the sort appears to be happening. The problem is that Iran's new Supreme Leader Mojtaba Khamenei is putting such conditions to end the war, which neither America nor the Gulf countries can accept.



# The scourge of profiteering and the audacity unabated

The energy crisis caused by the US-Israel-Iran war has led to the rise of hoarding and black marketing of LPG in the country. Despite the implementation of the Essential Commodities Act, this continues with the connivance of influential individuals and officials. It's no surprise that hoarding and black marketing of LPG began as soon as the energy supply crisis emerged due to the war between the US, Israel, and Iran. Although the government implemented the Essential Commodities Act to curb this, it does not appear to have reduced the audacity of hoarders and profiteers. Evidence of this is the fact that during raids against them, hoarders and blackmarketers of LPG cylinders were caught in several cities. Many had secretly hoarded dozens of LPG cylinders. Some of these individuals include politicians and other influential people. Similarly, it is difficult to count the number of profiteers who were selling LPG cylinders at exorbitant prices. One reason for the activities of such elements is the collusion of the relevant authorities and the police. They too, in turn, seek to make a killing, thus exacerbating the hardships of the public and the government. Hoarding and black-marketing of essential commodities is very common in our country during any crisis. During the COVID pandemic, when the entire country was in crisis, black-marketing of many essential commodities, including some medicines, was also observed. It is no secret that hoarding of onions, fertilizers, and other commodities occurs here. The sole purpose is profiteering. It seems that some people are always on the lookout for a potential shortage in the production or supply of a commodity, so they can transform themselves into hoarders and profiteer. Such people, who turn disaster into a business, can rightfully be considered enemies of civilized society. Since hoarding and black marketing have become a social evil due to a lack of morality and ethics, it is essential not only to launch a vigorous campaign against those hoarding and black marketing LPG cylinders, but also to punish them severely. The Essential Commodities Act provides for fines and imprisonment ranging from three months to seven years for those involved in hoarding and black marketing. However, how many profiteers receive a seven-year sentence? Most escape punishment by hook or by crook or by crook, paying a small fine. It would be appropriate to punish such individuals with a harsh punishment that serves as an example. In serious cases, action should be taken against hoarders under the National Security Act, and their property should also be confiscated. This will bring profiteers to their senses and dissuade them from hoarding.



# पति ने पत्नी की कैंची घोंपकर हत्या की, खुद भी जान देने का किया प्रयास; दो साल से चल रहा था विवाद

संभल में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की कैंची घोंपकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने भी जान देने का प्रयास किया। आरोपी की हालत गंभीर है।संभल की कोतवाली क्षेत्र के मंडी किशनदास सराय निवासी आशा वर्कर नाजमा (35) की कर दी। खुद के पेट में भी कैंची घोंपकर घायलावस्था में मिले आरोपी को हालत गंभीर है। मृतका के परिजनों ने विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में का प्रयास किया है। परिजनों ने बताया आमदपुर निवासी नफीस से करीब 15 समय मंडीकिशनदास सराय में बच्चों थी। दो वर्ष से विवाद चल रहा था। सरायतरीन में मेडिकल स्टोर चलाता है के चलते एक वर्ष पहले संभल कोतवाली में मारपीट का मुकदमा भी जानकारी मिली थी कि उसका पति इसके बाद ही रविवार को ही संभल समय नफीस घर आया था और रात को हत्या कर दी। बच्चों के शोर मचाने पर



उसके पति नफीस ने कैंची घोंपकर हत्या जान देनी की कोशिश की है। अस्पताल भर्ती कराया है। जहां उसकी बताया कि करीब दो वर्ष से पति से हत्या की गई है और खुद भी जान देने कि नाजमा की शादी अमरोहा के वर्ष पहले हुई थी। चार बच्चे हैं। इस के साथ किराए के मकान में रह रही नफीस हयातनगर थाना क्षेत्र के जबकि नाजमा आशा वर्कर थी। विवाद कोतवाली और अमरोहा की हसनपुर दर्ज कराया था। रविवार को नाजमा को दूसरी महिला से निकाह करने वाला है। कोतवाली में तहरीर दी थी। शाम के करीब 10 बजे पेट में कैंची घोंपकर लोग एकत्र हुए तो नफीस ने अपने पेट में भी कैंपी घोंप ली। कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद में यह हत्या हुई है। आरोपी ने खुद भी जान देने का प्रयास किया है। गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मुराद ने बच्चों की परवरिश के लिए की थी दूसरी शादी; अब बेटे ने हथौड़ा मारकर इसलिए की सौतेली मां की हत्या

संभल जिले में खाना नहीं बनाने पर बेटे ने सिर पर हथौड़ा मारकर सौतेली मां की हत्या कर दी। 12 वर्ष पहले आरोपी युवक के पिता ने बच्चों की परवरिश के लिए दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी से कोई बच्चा नहीं हुआ। पहली पत्नी के ही तीनों बच्चों जिले की बहजोई की दुर्गा कॉलोनी निवासी शमीम बानो ने शनिवार की रात सिर पर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर कारण हुई। आतिफ के पिता मुराद ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। लोगों का कहना है कि सौतेली मां से आए कारोबार करने वाले मुराद ने बताया कि वह शनिवार की को 11 बजे घर लौटे तो पत्नी खून से लथपथ जमीन पर होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी पूछताछ की तो उसने बताया कि वह रात में करीब आठ तो उन्होंने इंतजार करने की बात कही। रात नौ बजे तक उसने घर में रखे हथौड़े से सिर पर वार कर दिया। जिससे कि उसने जिस समय हथौड़े से हमला किया तब मां के लिए की थी दूसरी शादी- लकड़ी कारोबारी मुराद की चलते हो गई थी। 12 वर्ष पहले अलीगढ़ निवासी मामा शमीम बानो के पति की भी मौत हो गई थी और कोई





की मां की तरह की परवरिश की।यूपी के संभल (42) की सौतेले बेटे आतिफ उर्फ आदिफ (20) हत्या कर दी। वारदात मां के खाना न बनाने के कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार दिन युवक का विवाद होता रहता था। लकड़ी का रात को इशा की नमाज पढ़ने के लिए गए थे।रात पड़ी थीं। आस-पड़ोस के लोगों ने बेटे से विवाद गई। पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर बजे बाहर से घर में आया था। मां से खाना मांगा जब खाना नहीं मिला तो दोनों में बहस हो गई। शमीम बानो की मौत हो गई। आरोपी ने बताया किचन में थी। मुराद ने छोटे बच्चों की परवरिश पहली पत्नी की मौत 13 वर्ष पहले बीमारी के की बेटी शमीम बानो से शादी कर ली थी। बच्चा भी नहीं था। रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद यह शादी हुई थी। मुराद ने बताया कि उनके दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा गुलशन गोंडा में रहता है और दूसरा बेटा आतिफ उर्फ आदिफ लकड़ी के काम में सहयोग करता है। जबकि बेटी की शादी हो चुकी है। मुराद ने बताया कि जब उनकी पहली पत्नी की मौत हुई थी तब तीनों बच्चे छोटे थे। इसलिए ही दूसरी शादी कर ली थी कि बच्चों की देखभाल हो जाएगी और मां की तरह परवरिश भी होगी लेकिन आतिफ उर्फ आदिफ अक्सर दूसरी पत्नी से विवाद करता था। शनिवार काके भी खाना देने में देर हुई तो विवाद किया और बाद में हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। पड़ोसी बोले-आए दिन होता रहता था घर में विवाद- शनिवार की रात हत्या की सूचना पर एकत्र हुए आस-पड़ोस के लोगों ने कहा कि सौतेली मां से आरोपी युवक का अक्सर झगड़ा होता रहता था। आए दिन घर से झगड़े की आवाज आती रहती थीं। शनिवार की रात भी पहले काफी शोर सुनाई दिया और कुछ देर बाद सन्नाटा छा गया। आस-पड़ोस के लोगों ने इसलिए ध्यान नहीं दिया कि अक्सर झगड़ा होने की आवाजें आती रहती थीं लेकिन रात को 11 बजे मुराद ने शोर मचाया कि उनकी पत्नी को मार दिया तो लोग एकत्र हुए। तब लोगों को हत्या की जानकारी हुई। हत्या के बाद मोहल्ले में ही घूमता रहा आरोपी- सौतेली मां की हत्या के बाद आरोपी युवक मोहल्ले में ही घूमता लोगों ने देखा। जब पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उसके चेहरे पर हत्या करने का कोई अफसोस नहीं था। बल्कि वह खाना नहीं देने पर गुस्सा जाहिर कर रहा था। पुलिस ने पूछताछ की तो वह बेबाकी से सभी सवालों के जवाब देता रहा और हत्या करना स्वीकार किया। साथ ही बताया कि जिस हथौड़े से हत्या की है वह घर में ही पड़ा है। हालांकि पुलिस हथौड़ा पहले ही बरामद कर चुकी थी।

# मुरादाबाद में भीषण हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार, नैनीताल जिले के चार युवकों की जान गई

मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। सभी दिल्ली की तरफ जा रहे थे। गंभीर रूप से जख्मी एक युवक को अस्पताल पहुंचाया गया है। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर



सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जान गंवाने वाले सभी नैनीताल जिले के रहने वाले हैं। वह नोएडा ड्यूटी पर जा रहे थे।हादसा मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मनकरा मोड़ के पास हुआ। रामपुर की ओर से आ रही कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और मूंढापांडे सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने कार सवार पांच युवकों में से चार को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल मिला। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीओ हाईवे राजेश कुमार ने बताया कि हादसे में चार युवकों की मौत हुई है और एक घायल है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार सवार सभी लोग नैनीताल जिले के रहने वाले थे और नोएडा ड्यूटी के लिए जा रहे थे। मृतकों की पहचान दयाल रावत निवासी वीमिला कंपाउंड नैनीताल, अनिल नेगी (38), सुंदर (42) और भुवन भंडारी (37) निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है। दयाल रावत नैनीताल बैंक की नोएडा शाखा में रीजनल मैनेजर के पद पर तैनात थे। हादसे में घायल यशदीप पांडे योगा टीचर और हल्द्वानी के रहने वाले थे। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


# खाना देने में देरी पर सौतेली मां की हथौड़े से हत्या, बहजोई की दुर्गा कॉलोनी में वारदात

खाना देने में देरी पर एक युवक ने अपनी सौतेली मां की हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा बरामद कर लिया।बहजोई कस्बे के इस्लामनगर रोड स्थित नई बस्ती दुर्गा कॉलोनी में रहने वाले मुरादी का 20 वर्षीय बेटा आतिफ शनिवार रात ड्यूटी से घर लौटा । उसने अपनी सौतेली मां शमीम बानो से खाना देने को कहा। शमीम बानो ने कुछ देर बाद खाना देने की बात कही, जिसके बाद आतिफ अपने कमरे में चला गया। एक से डेढ़ घंटे बाद भी खाना न मिलने पर आतिफ दोबारा रसोई में पहुंच गया। उस समय शमीम बानो दूसरे कामों में व्यस्त थी। आतिफ और शमीम बानो के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आतिफ ने कमरे में रखा हथौड़ा उठाया और शमीम बानो के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से शमीम बानो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो शमीम बानो की मौत हो गई थी। इसी बीच नमाज पढ़कर लौटे मुरादी ने पत्नी को मृत देखा तो सन्न रह गए। रात करीब 12 बजे बहजोई पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार आतिफ और उसकी सौतेली मां शमीम बानो के बीच पहले भी अक्सर विवाद होता रहता था। बहजोई थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि आरोपी आतिफ को गिरफ्तार कर लिया गया है। हथौड़ा भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आतिफ ने पुलिस को बताया कि वह काम से लौटने के बाद कई बार खाना मांग चुका था। खाना न मिलने और कहासुनी होने पर उसे गुस्सा आ गया। इसी आवेश में उसने हथौड़े से वार कर दिया। पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी- लकड़ी का कारोबार करने वाले मुरादी की पहली पत्नी की 13 वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद करीब 12 वर्ष पहले उन्होंने अलीगढ़ निवासी अपनी ममेरी बहन शमीम बानो से निकाह किया था। शमीम बानो के पति की भी मृत्यु हो चुकी थी और उनकी कोई संतान नहीं थी। मुरादी की पहली पत्नी से एक बेटी और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बड़ा बेटा गुलशन गोंडा में कोचिंग में पढ़ाता है। छोटा बेटा आतिफ बहजोई में रहकर पिता के लकड़ी के कारोबार में हाथ बंटाता था।पिता पर भी गंभीर आरोप, गिरफ्तारी की मांग- मृतका शमीम बानो की बहन शबाना ने बताया कि मुरादी अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता था। गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शमीम बानो की दो बेटियां हुई थीं, जिन्हें पिता और पुत्र ने मार डाला था। कहा कि हत्या रात में ही कर दी गई थी, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें अगले दिन सुबह करीब 3 बजे मिली। उनकी बहन के साथ लंबे समय से अत्याचार हो रहा था और अब उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोनों पिता-पुत्र को जेल भेजा जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### दिन भर छाए रहे बादल, बूंदाबांदी व हवा से ठंड, अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 18 डिग्री दर्ज

मुरादाबाद । सुबह से ही बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवा से लोगों को हल्की ठंडक महसूस हुई। बादलों की गरज भी सुनाई देती रही। सुबह



करीब साढ़े आठ बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे फिर ठंड बढ़ी। सुबह लगभग 10 बजे करीब 15 मिनट तक हल्की बारिश हुई। मौसम में बदलाव का असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ा। दोपहर दो बजे सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो मौसम सामान्य हुआ। वहीं किसानों के लिए यह बारिश कुछ हद तक लाभदायक मानी जा रही है, क्योंकि इससे खेतों में नमी बनी रहती है।मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव के चलते लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि अचानक बदलते मौसम से सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। डॉक्टरों ने दी सलाह- जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव से सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम की ठंडी हवा से बचाव करना चाहिए, हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए और ठंडी चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए। यदि सर्दी, खांसी या बुखार के लक्षण दिखाई दें तो खुद से मेडिकल से दवा लेकर सेवन करने से बचें। तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है।

### साबिर बन गया सुनील: अजमेर की युवती से नाम बदलकर दोस्ती, किया शारीरिक शोषण, पुलिस से भेजा जेल

